कार्यालय अधिष्ठाता शोध व विकास एवं प्रोफेसनल प्रैक्टिसेज
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/ अधि0शो0वि0 एवं पी0पी0/INC_166/ /2024 दिनांक : 29 जून, 2024

नोडल आफिसर (छात्रवृति)

आपको अवगत कराना है कि कुलसचिव के अधिसूचना पृस0:मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/493/2024 दिनांकः 24 अप्रैल, 2024 को वित्त समिति की दिनांकः 26 फरवरी, 2024 को सम्पन्न बैठक संख्या 2024/01 (29वीं बैठक) के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। वित्त समिति की दिनांकः 26 फरवरी, 2024 सम्पन्न बैठक संख्या 2024/01 (29वीं बैठक) के कार्यवृत्त के मद संख्या–29–04 पर शोध छात्र/छात्राओं के मानदेय में वृद्वि किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। *समिति द्वारा विचारोपरान्त अधिष्ठाता शोध व विकास एवं प्रोफेसनल प्रैक्टिसेज द्वारा शोधरत छात्र/छात्राओं का मानदेय सत्र 2024–25 से रु0 12500.00 प्रतिमाह से बढाकर रु0 15000.00 प्रतिमाह भुगतान किये जाने का समिति द्वारा आवलोकन कर अनुमोदन प्रदान कर दिया गया हैं।* साथ ही यह भी अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांकः 06 जून, 2024 (गुरुवार) को अपरान्ह 04.00 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्तः–कम सं0–03 पर *यह निर्णय लिया गया कि पी0एच0डी0 तृतीय वर्ष के ऐसे छात्र जो अपनी 6वीं सेमेस्टर की डी0आर0सी0 होने तक SCI/SCIE/SSCI में सूचीबद्व शोध पत्रिकाओं में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके होगे, वे ही बढी हुई शोधवृत्ति की नवीन योजना (रु0 15000.00 प्रतिमाह) का लाभ लेने के पात्र होगें। ऐसे समस्त शोध छात्र अपने प्रकाशन के प्रमाण सहित अपने शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष के माध्यम से नवीन योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करेंगे। तृतीय वर्ष के शेष अन्य शोध छात्रों को नवीन छात्रवृत्ति योजना का विकल्प नही उपलब्ध होगा। वे पुरानी योजना से ही आच्छादित होगें।*

(प्रो0 राकेश कुमार)
अधिष्ठाता शोध व विकास एवं प्रोफेसनल प्रैक्टिसेज

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/ अधि0शो0वि0 एवं पी0पी0/INC_166/206/2024 दिनांक : 29 जून, 2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. कुलसचिव।
3. वित नियंत्रक।
4. वै0 सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. बेब मास्टर को विश्वविद्यालय की बेब–साइट पर अपलोड करने हेतु।

29/6/2024

(प्रो0 राकेश कुमार)
अधिष्ठाता शोध व विकास एवं प्रोफेसनल प्रैक्टिसेज